तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024

10 सांस्कृतिक गतिविधियों से मनोरंजन के साथ आत्मविश्वास..



10 हम तेरे शहर में आए है मुसाफिर की तरह...



## खबर संक्षेप

### गांव जाजवान में किसान की करंट लगने से मौत

**जींद।** गांव जाजवान में रात को खेत में सिंचाई करने गए किसान की करंट लगने से मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया और बिसरे को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेज दिया है। गांव जाजवान निवासी बिजेंद्र (33) बीती रात खेत में सिंचाई करने हुआ था। रात को वह खेत मे करंट की चपेट में आ गया।

### अपहरण करके खाते से राशि ट्रांसफर की

**कैथल।** रुपयों के लेनदेन को लेकर पांच आरोपियों ने पहले एक युवक को बस स्टैंड पर बुला लिया, बाद में उसका अपहरण कर अपने घर ले गए। आरोपियों ने उसे कमरे में बंद करके मारपीट की और उसके खाते से अपने खाते में रुपये डलवा लिए। साथ ही उसको जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत

**जींद।** उचाना मंडी के निकट तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूलतः गांव मोहनगढ़ छापड़ा हाल आबाद उचाना मंडी निवासी वजीर अपने गांव के निर्माणाधीन मकान को संभालने गया हुआ था।

### सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला घायल

**कैथल।** सेक्टर 19-20 के कट के पास एक कार चालक ने स्कूटी सवार महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुराना रोड निवासी सुमन ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 27 अप्रैल शाम के स्कूटी पर सवार होकर जा रही थी। कट के पास पहुंची तो अज्ञात कार चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया।

### निशानदेही पिल्लरों को उखाड़ने पर 5 नामजद

**जींद।** गांव रूपगढ़ में निशानदेही के पिल्लर उखाडने तथा विरोध करने पर मारपीट करने पर सदर थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ तोड़फोड़ करने, चोरी करने, मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रूपगढ़ निवासी नरेश ने पुलिस को शिकायत दी है।

### तलवार से हमला कर युवक को किया घायल

**कैथल।** कस्बा चीका में तलवार व गंडासी से हमला कर युवक को घायल और मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार को नामजद किया है। मियां बस्ती चीका निवासी साजन ने पुलिस को शिकायत दी कि 22 अप्रैल को रात 10 बजे वह बलबेहडा रोड चीका पर जा रहा था। जब वह शमशान घाट के नजदीक पहुंचा तो आरोपी अजय, गोली, अभिषेक व दीपा के लड़के ने हमला कर दिया।

### रंजिशन हमला करने पर एक के खिलाफ मुकदमा

**जींद।** गांव ढाठरथ में रजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ढाठरथ निवासी रामसिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही राजेश से कहासुनी हो गई थी।

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार 2 घायल

**जींद।** गांव जयपुर के निकट तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। सदर थाना सफीदों पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव करसिंधु निवासी प्रिंस ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

## दो लाख गेहूं के बैग में से सिर्फ 12 हजार का उठान

# मंडी गेट पर आढ़तियों ने लगाया ताला, नारेबाजी कर जताया रोष

### एसडीएम के आश्वासन पर खोला गेट, गेहूं के उठान की धीमी गति पर रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना मंडियों में गेहूं की उठान की कमी से परेशान हो चुके हैं। जिससे परेशान होकर मंडी के प्रधान राजेश शर्मा व मंडी आढ़तियों ने मिल कर कपास मंडी नरवाना के गेट पर करीब 12 बजे ताला जड़ दिया। जिससे मंडी में से आवाजाही बंद हो गई। वहीं इस दौरान मंडी प्रधान राजेश शर्मा ने जानकारी देते बताया कि कपास मंडी में लगभग दो लाख गेहूं के बैग रखे हैं। जिसमें से केवल 10 से 12 हजार ही गेहूं के बैगों को उठान हुआ है जो अबतक केवल छह प्रतिशत ही है। प्रधान ने कहा कि नरवाना मंडियों में उपायुक्त ने दौरा किया था और मंडी से गेहूं के उठान के लिए दो दिन का आश्वासन दिया था लेकिन एजेंसीयों द्वारा गेहूं के बैगों का उठान न करने पर वह आश्वासन सिरे नहीं चढ पाया। वहीं उन्होंने कहा कि कपास मंडी के नजदीक लगते एफसीआई गोदाम से भी 15 अप्रैल से अबतक केवल सात प्रतिशत ही माल का उठान हुआ है। मंडी प्रधान ने कहा कि गेहूं के उठान के लिए करीब 100 गाड़ियां लगना जरूरी है और 100 गाड़ियों के भी जब दो चक्कर लगे तब जाकर मंडी से गेहूं का उठान हो पाएगा। वहीं उसके बाद मौके पर मंडी सचिव पूजा पहुंची जिन्होंने गेट खोलने के लिए अपील की लेकिन प्रधान समेत आढ़तियों ने गेट खोलने से मना कर दिया। उसके बाद मौके पर ही एसडीएम अनिल कूमार दून से मंडी प्रधान ने बात की और एसडीएम द्वारा मंडी प्रधान को गेहूं उठान के लिए गाड़ियों की संख्या बढ़ाने का आश्वासन दे दिया गया। जिसके बाद एसडीएम के आश्वासन पर मंडी प्रधान व आढ़तियों ने कपास मंडी के गेट को करीब तीन बजे खोल दिया। इस दौरान सचिन मित्तल, सुभाष बंसल, रोशन लाल बडनपुर, अर्जुन शर्मा, जय भगवान शर्मा, सुरेश शर्मा, सुरेश कलोदा, निखिल चौधरी, काकू राम, राजीव शर्मा, प्रवीन जैन, रविशंकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।



**जींद।** कपास मंडी के गेट पर लगा ताला। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** रोष प्रदर्शन करते हुए मंडी आढती। *फोटो :हरिभूमि*

#### गाड़ियों के चक्कर बढ़वाएंगे

एसडीएम अनिल कुमार दून ने बताया कि नरवाना कपास मंडी में लगभग दो लाख के करीब गेहूं के बैग पडे हुए हैं। जिसके उठान के लिए कपास मंडी में 17 गाड़ियां लगा दी गई हैं। जिनके दो-दो चक्कर लगाए जाएंगे ताकि मंडी में पडे गेहूं के बैगों का उठान जल्दी हो सके और आढ़तियों की परेशानी दूर हो सके। वहीं मंगलवार को ठेकेदारों को बुला कर गाड़ियों के लगभग तीन-तीन चक्कर लगाने के लिए बोला जाएगा। दूसरी और रैक लगने की संभावना है। जिससे मंडियों से गेहूं का उठान हो भी तेज हो जाएगा।

#### 300 एकड़ गेहूं के फाने, ट्रैक्टर-रीपर जलकर राख

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के मेहरड़ा गांव में खेतों में तुड़ा बनाते समय रीपर में अचानक चिंगारी बनने से फानों में आग लग गई। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लगभग 300 एकड़ गेहूं के फाने जलकर राख हो चुके थे। जानकारी के अनुसार मेहरड़ा गांव निवासी आनंद कुमार खेत में फाने से तुड़ा बना रहा था। अचानक रीपर में चिंगारी से आग लग गई। ट्रैक्टर चालक ने जब धुआं उठता दिखाई दिया तो नीचे कूद कर जान बचाई। आग इतनी भयंकर थी कि मेहरड़ा, लजवाना कलां और रिढाना गांव में खेतों तक पहुंच गई। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई।



**गुहला चीका।** हैफेड द्वारा की गेहूं की प्राइवेट खरीद के मंडी में लगे सटैग।

## आज से सोलू माजरा में स्थित साइलो में लगेंगे गेहूं के स्टाक

- खरीदे गए माल को लगाने का स्पेस खत्म, विभाग ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

जिले की प्रमुख अनाज मंडी चीका में प्रशासन ने आढ़तियों को आदेश जारी किया है कि सरकार की खरीद एजेंसियों द्वारा अब तक खरीदे गए गेहूं के स्टाक को चीका शहर में स्थित गोदामों में लगा दिया गया है और अब बकाया स्टाक व आगे से जो भी गेहूं की खरीद होगी, उसका स्टाक गांव सोलू माजरा में स्थित साइलो में लगाया जाएगा। एजेंसियों द्वारा जारी किए गए आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे चीका के किसी भी एजेंसी के गोदाम में अपने माल को ना ले जाकर सीधे साइलो में ले जाएं क्योंकि यदि वे चीका में गेहूं से भरे ट्रक को लेकर जाएंगे, तो ट्रक वापस कर दिया जाएगा। मालूम रहे कि सरकार ने हरियाणा सरकार की दो मुख्य खरीद एजेंसियों खाद्य एवं आपूर्ति विभाग एवं को आप्रेटिव सोसायटी पर गेहूं खरीदने पर प्रतिबंध भी लगा दिया है ताकि हैफेड विभाग द्वारा गेहूं को प्राइवेट खरीदने के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके। मालूम रहे कि हैफेड ने निजी तौर पर सरकारी द्वारा तय मूल्य से 1 रुपया ऊपर देकर अब तक 10 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद कर ली है जबकि हैफेड ने चीका मंडी से गेहूं खरीदने का 60 हजार का लक्ष्य तय किया है।

#### किसानों-आढ़तियों में खुशी

सरकार की प्रमुख खरीद एजेंसी हैफेड विभाग ने प्राइवेट स्तर पर गेहूं की खरीद शुरू कर देने के चलते आढ़तियों व किसानों में भारी खुशी की लहर है। मालूम रहे कि इससे पहले सरकार की दो एजेंसियां फूड सप्लाई व को आप्रेटिव सोसायटी द्वारा ही किसानों की गेहूं की खरीद कर रही थी परंतु अब हैफेड ने प्राइवेट तौर पर गेहूं की खरीद शुरू की है।

#### जल्द होगा भुगतान

इस सम्बन्ध में जब हैफेड के मैनेजर राजेंद्र सिंह ने बताया की हैफेड की खरीद जारी है और हैफेड द्वारा सरकार के तय रेट से ऊपर गेहूं खरीद की जा रही है। दावा किया कि हैफेड की प्राइवेट खरीद से किसानों को बहुत ज्यादा लाभ होगा। उन्होंने बताया कि हैफेड द्वारा जो गेहूं खरीदी जा रही है, उसका भुगतान भी दो तीन दिन में ही किया जा रहा है।

## बीर बांगड़ावासियों ने जताया विरोध

- पुल को सड़क से ऊंचा बनाने पर लोगों ने रोष जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव बीर बांगड़ा मार्ग पर बनाए गए पुल को सड़क से ऊंचा बनाने पर लोगों ने रोष जताया है। लोगों ने कहा कि पुल तो ज्यादा ऊंचाई पर बना दिया है जबकि सड़क नीची है। पुल के साथ रैंप सही नहीं बनाए गए। जिससे सड़क नीची होने से भारी वाहन लेकर पुल पर चढ़ते समय बहुत परेशानी होती है। इस बारे गांव बीर बांगड़ निवासी रीकू भट्ट रामधन कृष्ण शमशेर राजकुमार राम दिया ने बताया कि फुल सड़क से काफी ऊंचा बना दिया गया है और सड़क दोनों तरफ से नीची पड गई हैं। जिससे पुल पर चढ़ते समय दूसरी ओर से आ रहे वाहन दिखाई ही नहीं देते। जिससे दुर्घटना होने का भय बना रहता है। इसके अलावा पुल ऊंचाई पर होने के कारण लोडिंग वाहन भी सड़क पर बड़ी मुश्किल से चढ़ पाते है। दूसरा अगर कोई लोडिंग वाहन व लेकर गुजरते हैं तो तीव्र मोड़ होने के कारण और भी घटना होने का भय बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन व संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क के दोनों तरफ रैंप बनाकर उन्हें पक्का किया जाए।



**राजौंद।** गांव बीरबागड़ा के नए रास्ते पर बनाए गया पुल। *फोटो :हरिभूमि*

### अमेरिका भिजवाने के नाम पर 18 लाख ठगे

**कैथल।** युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर दो व्यक्तियों ने 18 लाख रुपये ठग लिए। गांव बाता के नरेश कुमार ने शहर थाना में शिकायत दी कि गांव भंखर जिला पटियाला पंजाब निवासी नीरज शर्मा व सिमरन लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। आरोपियों ने गांव बाता में कई लडकों को विदेश भेजा हुआ है। उसको किसी जानकार से उक्त आरोपियों के बारे मे पता चला। उसने अपने भतीजे नवीन को अमेरिका भेजने के लिए उनसे बातचीत की। आरोपियों ने उससे 18 लाख रुपये व उसके भतीजे के दस्तावेज ले लिए और जल्द अमेरिका भेजने की बात कही। बाद में उसके भतीजे को अमेरिका भेजने के स्थान पर बैंकाक, हांगकांग में भेज दिया और वहां पर भी उसके भतीजे के साथ दुर्व्यवहार किया। उसने अपने खर्चे पर भतीजे को भारत वापस बुलवाया। यहां आने के बाद जब उन्होंने आरोपियों से अपने रुपये वापस मांगे तो उन्हें जान से मारने और झूठे केस में फंसवाने की धमकी दी।

## कुलपति को सौंपा मांगपत्र

- राजनीतिक विज्ञान, योग, मास कम्युनिकेशन की परीक्षाएं 25 मई के बाद प्रारंभ की जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

किसान छात्र एकता संगठन ने सोमवार को कुलपति डा. रणपाल सिंह को चुनाव के दौरान आयोजित की जा रही परीक्षाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदेशाध्यक्ष सुमित लाठर ने कहा कि देश में लोकतंत्र का पर्व मनाया जा रहा है और इसी दौरान छात्रों की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इसलिए परीक्षाएं या तो 25 मई से पहले शुरू की जाएं या उससे पहले कुछ छुट्टियां प्रदान की जाएं ताकि विद्यार्थी महापर्व मे अपना योगदान दे सकें। लोकतंत्र का महापर्व पांच साल में एक बार मनाया जाता है और वो सभी अपने मत का प्रयोग करना चाहते हैं। अभिषेक ने बताया कि राजनीतिक विज्ञान, योग विज्ञान, मास कम्युनिकेशन की परीक्षाएं 25 मई के बाद शुरू की जाएं। इस मौके पर सिद्धार्थ, अंजलि, तन्नू, मन्नू, अंजलि, रितु नैन आदि मौजूद रहे।



**जींद।** वीसी को ज्ञापन सौंपते छात्र। *फोटो :हरिभूमि*

## क्राइम ब्रांच का हवलदार संदिग्ध हालात में लापता

- गाड़ी में मोबाइल, चाबी छोड़ गया कार्यालय में, शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



पुलिस लाइन स्थित क्राइम ब्रांच कार्यालय से पांच दिन पहले दो दिन की छुट्टी लेकर निकला हवलदार गाड़ी व फोन को छोड़ कर संदिग्ध हालात में लापता हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मिर्चपुर निवासी प्रीति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति सोहन क्राइम ब्रांच में हवदार के पद पर डयूटीरत था। गत 24 अप्रैल को वह घर से डयूटी के लिए निकला था। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटा। पति के वापस न लौटने पर जब पता किया तो पता चला कि 24 अप्रैल को उसका पति दोपहर को दो दिन की छुट्टी लेकर निकला था। उसका पति गाड़ी व चाबी क्राइम ब्रांच कार्यालय में छोड़ गया। उसका मोबाइल फोन भी गाड़ी में रखा हुआ था। सिविल लाइन थाना पुलिस ने प्रीति की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कचरा उठान में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की

- स्थानीय निकाय विभाग चंडीगढ़ की टीम पहुंची नगर परिषद कैथल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर में डोर-टू-डोर कचरा उठान में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच को लेकर सोमवार को स्थानीय निकाय विभाग चंडीगढ़ की टीम नगर परिषद में पहुंची। टीम के अधिकारियों ने डोर-टू-डोर कचरा उठान की एजेंसी को दी गई निविदा से संबंधित रिकॉर्ड की जांच की। इस जांच के बाद शहर के कई पार्षदों ने भ्रष्टाचार मामले में संलिप्त अधिकारियों व एजेंसी के ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर टीम को ज्ञापन सौपा है। पार्षदों ने आरोप लगा कहा कि इस मामले में कुछ अधिकारियों के भी शामिल होने का उन्हें शक है। ऐसे में उनकी मांग है कि निष्पक्ष रूप से जांच की जाए। बता दें कि कुछ दिन पूर्व पार्षदों ने कचरा उठान में धांधली को लेकर डीसी प्रशांत पंवार को ज्ञापन दिया था। सोमवार को टीम को दिए ज्ञापन के माध्यम से पार्षद मोहन लाल शर्मा, सुशीला शर्मा, बलिंद्र व दिनेश ने जांच टीम को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि डोर टू डोर कचरा उठान कंपनी कार्य में भारी अनियमितता बर रही है। इसमें बारकोड न लगाने और कचरे का वजन अधिक दिखाना शामिल है। शहर में प्रतिदिन 50 टन कचरा का उठान होता है, लेकिन इसमें 100 टन तक दिखाया जाता है, ताकि अधिक राशि के बिल बनाएं जा सके। रविवार की छुट्टी होने के बावजूद उस दि भी कचरे का वजन दिखाया जाता है। भुगतान भी अनुमोदन कमेटी के हस्ताक्षर के बिना ही हो जाता है। जबकि नियमों के तहत नगर परिषद जो भी अदायगी करेगा, वह भुगतान अनुमोदन कमेटी के हस्ताक्षर के बाद ही करेगी। ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अधिकारी नियमों में कोताही बरत रहे है, उनकी गलत मंशा नजर आ रही है। डोर टू डोर में नियमों और शर्तों का हो खुला उल्लंघन हो रहा है। अदायगी 90 लाख की कैसे हुई। वापसी में भी लापरवाही और जुमार्ना तक नहीं लगाया। इसलिए ऑडिट विभाग के खिलाफ वित्त विभाग को लिखा जाना चाहिए। पार्षद नरेश कुमार, प्रीति रानी व शीलू शर्मा मौजूद थे।



समारोह में बलवान सिंह कुंडू सावी को साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित करते हुए।

### बलवान सिंह कुंडू को साहित्य गौरव सम्मान

**राजौंद।** सोमवार को भाषा विभाग पटियाला में कश्मीर विश्वविद्यालय श्रीनगर,कश्मीर एवं गीना देवी शोध संस्थान भिवानी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का मुख्य विषय वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भाषाओं का योगदान रहा। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि भाषा विभाग पटियाला की निदेशक डॉ हरप्रीत कौर मौजूद रही।इस दौरान देश विदेश के सैंकड़ों साहित्यकारों और शोधार्थियों ने हिंदी और अन्य भाषाओं पर अपने विचार प्रकट किए। संगोष्ठी में हिंदी विभागाध्यक्ष डा. उषा रानी, प्रसिद्ध साहित्य पत्रिका संगम से डा. सृष्टि चौधरी, डा.सुलक्षणा अहलावत व देश के कोने - कोने से आए साहित्यकार और शिक्षाविद् ने अपने विचार व्यक्त किए। गांव जाखौली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य बलवान सिंह कुंडू सावी व दिलबाग अकेला ने अपने विचार सांझा किए।समारोह बलवान सिंह कुंडू सावी को साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके लिए उन्हें गांव जाखौली के गणमान्य लोगों स्टाफ सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

**मतदान** डीएसपी गीतिका जाखड़ के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

## भयमुक्त हो मतदान करने की अपील के साथ शहर में निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने सोमवर को पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक गीतिका जाखड़ के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से भयमुक्त मतदान करने की अपील की गई। डीएसपी गीतिका जाखड़ ने बताया कि जिला पुलिस व पैरा मिलिट्री फोर्स ने मिल कर शहर जींद के एरिया में फ्लैग मार्च किया गया है। जिससे लोग बिना किसी डर के शांतिपूर्वक मतदान कर सकें। फ्लैग मार्च में जिला पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के करीब 120 जवान मौजूद रहे। यह फ्लैग मार्च ट्रैफिक थाना कैथल रोड से शुरू होकर पटियाला चौक, रुपया चौक, शिव चौक, रामराय गेट, सुभाष नगर, रोहतक रोड, गोहाना रोड, नया बस अड्डा, परशुराम चौक, अर्बन एस्टेट व हुडा ग्राउंड का एरिया कवर किया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी तरह की अफवाह फैलाता है, किसी को डराने व धमकाने की कोशिश करता है तो उसके संबंध में तुरंत पुलिस को सूचित करें। जिससे उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। फ्लैग मार्च में आईटीबीपी के सहायक कमांडेंट धर्मबीर सिंह, थाना प्रभारी सिविल लाइन सुखबीर सिंह, महिला थाना प्रभारी मुकेश देवी ने अपनी अपनी टीमों के साथ भाग लिया।



**जींद।** फ्लैग मार्च का नेतृत्व करते डीएसपी गीतिका जाखड़। *फोटो :हरिभूमि*

## अंबाला रेलवे रूट बंद होने से ट्रेनों की व्यवस्था बिगड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अंबाला रेलवे रूट बंद होने से ट्रेनों की व्यवस्था लगातार बिगड रही है। इतनी ज्यादा संख्या में ट्रेनों को खड़ा करने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है। इसके कारण दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग की नियमिट ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही है। यह ट्रेनें आधा-आधा घंटा तक आउटर पर खड़ी रहती हैं। जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। किसी भी स्टेशन की बात करें तो हर समय सवारी गाड़ी खड़ी मिलती है लेकिन इन सवारी गाड़ियों का यात्रियों को कोई फायदा नही मिल पा रहा है। कारण यह है कि इन ट्रेनों का कोई भी ठहराव निर्धारित नहीं है, जहां ट्रैक खाली मिलता है वहीं रोक दी जाती है और उसके बाद घंटा-घंटा खड़ी रहती हैए जिससे यात्रियों को समझ ही नहीं आता कि यह गाड़ियां नियमित चलने वाली है या नहीं। इससे यात्रियों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। अंबाला रूट की सवारी गाड़ियों सोमवार को भी दिल्ली-बठिंडा रेलवे ट्रैक से गुजरी। वहीं कुरुक्षेत्र और नई दिल्ली जाने वाली पैसेंजर गाड़ियां भी हर रोज की तरह रद्द रहीं। जींद रेलवे जंक्शन के अधीक्षक जयप्रकाश ने बताया कि अंबाला रूट की सवारी और मालगाड़ियों को जींद जंक्शन से गुजारा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### दुग्ध बूथ का टूटा ताला हजारों का सामान चोरी

**जींद।** गांव घसो अड्डे पर बीती चोरों ने दुग्ध बूथ का ताला तोड़ कर नगदी, घी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना उचाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज की जांच शुरू कर दी है। घसो निवासी विक्रम ने पुलिस बताया कि वह बस अड्डे पर दुग्ध का बूथ चलाता है। बीती रात चोरों ने बूथ का ताला तोड़ कर घी की पेटी, इन्वर्टर, बैटरी, 3500 रुपये की नगदी व सामान को चोरी कर लिया।

### मकान को पहुंचाया नुकसान, 3 नामजद

**जींद।** गांव रत्ताखेड़ा में जेसीबी से मकान को तोड़ने तथा मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने तीन लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ तोड़फोड़ करने, मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रत्ताखेड़ा निवासी उमेद ने पुलिस को बताया कि उसने 2005 में मकान खरीदा था। जिसकी रजिस्टरी तथा इंतकाल उसके नाम है।

### गर्मी से निपटने के लिए तैयारी पूरी रखें

**जींद** । डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला में गर्मी के मौसम में लू की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आमजनए पशुओं तथा अन्य जीव जंतुओं को लू के प्रकोप से बचाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि हीटवेव के प्रतिकूल प्रभावों से बचने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे लू से निपटने के लिए तैयारी पूरी रखे।

### अध्यापकों के दो प्रशिक्षण बैचों का समापन

**उचाना।** शिक्षा के सार्वभौमिकरण एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देशों की अनुपालना में विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास की दिशा में निपुण हरियाणा मिशन कार्यक्रम के तहत चल रहे श्प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण की निरंतरता में सोमवार को दो बैचों के 88 अध्यापकों ने कक्षा चार व पांच को लेकर चार दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### कल उचाना के दौरे पर रहेंगी नैना चौटाला

**उचाना।** हिसार लोकसभा क्षेत्र से जेजेपी प्रत्याशी नैना सिंह चौटाला एक मई को उचाना हलके के दौरे पर रहेंगी। दुष्यंत चौटाला के निजी सचिव जगदीश सिहाग ने बताया कि बुधवार को नैना चौटाला उचाना मंडी से अपने दौरे की शुरूआत करेंगी। सुबह साढ़े 9 बजे उचाना कलां में ब्राह्मण चौपाल के नजदीक कार्यक्रम में पहुंचेंगी।

### आचार संहिता का पालन करना जरूरी : रजा

**जींद** । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है, जिसका पालन करना हम सभी के लिए जरूरी है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जनप्रतिनिधि अधिनियम के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### तीन बच्चों के साथ महिला संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** गांव शादीपुर से तीन बच्चों के साथ दवाई लेने के लिए निकली महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव शादीपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 27 फरवरी को उसकी पत्नी तीन बच्चों के साथ लेकर घर से दवाई लाने की बात घर से निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी।

### विश्व में भारतीय लोकतंत्र की अलग पहचान स्थापित

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि पूरे विश्व में भारतीय लोकतंत्र की अलग पहचान स्थापित है। भारत में चुनाव को पर्व की तरह मनाया जाता है और इस बार तो चुनाव आयोग ने चुनाव का पर्व देश का गर्व स्लोगन भी दिया है। प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नही।

---

इंडस स्कूल में नवागंतुक विद्यार्थियों की प्रतिभा को आगमन कार्यक्रम

# सांस्कृतिक गतिविधियों से मनोरंजन के साथ आत्मविश्वास में वृद्धिः सुभाष

- कार्यक्रम में 300 से ज्यादा अभिभावक उपस्थित रहे

## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस स्कूल प्रांगण में पृथ्वी दिवस पर कक्षा तीसरी से नौवीं तक के नए विद्यार्थियों द्वारा माता-पिता अभिविन्यास कार्यक्रम में अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस समारोह में विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकगण भी विषेश रूप से आमंत्रित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण, स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, इंडस संस्था के कॉर्डिनेटर प्रवीन परूथी, उपप्राचार्य प्रवीन कुमार, मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इंडस पब्लिक स्कूल की प्राचार्या अरूणा शर्मा ने आए हुए अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस समारोह का मुख्य उद्देश्य नवागंतुक विद्यार्थी और उनके अभिभावकों को शैक्षणिक एवं विद्यालय के नियमों से परिचित करवाना है। यह कार्यक्रम पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया गया है। इस कार्यक्रम में 300 से ज्यादा अभिभावक मौजूद रहे और उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा की। बच्चों ने स्वागत गीत के माध्यम से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण को सुरक्षित रखना, पानी बचाना, लुप्त होते जा रहे पशु-पक्षियों को बचाना, प्रदूषण रोकना, भारत को साफ-सुथरा बनाना, हरियाणवी नृत्य और माइम के माध्यम से पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। धरती का दिल बोले धक-धक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। स्कूल पर्यवेक्षक शालू जुनेजा द्वारा नए अभिभावकों को शैक्षणिक व्यवस्था के तहत आने वाली कालांष व्यवस्था, पाठ्यक्रम व्यवस्था, परीक्षा व्यवस्था आदि को पीपीटी के माध्यम से अवगत करवाया। इस अवसर पर इंडस संस्थाओं के निदेशक सुभाष श्योराण ने उपस्थित हुए अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में इस प्रकार की गतिविधियों की अहम भूमिका होती है। ये गतिविधियां मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान और आत्मविश्वास में भी वृद्धि करती हैं। उन्होंने बच्चों में जोश भरते हुए कहा कि जिंदगी अवसरों का खेल है, जो इन अवसरों का लाभ उठा कर आगे बढ़ता है, वहीं सफलता की बुलंदियों को छूता है। इस मौके पर स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने नए बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए स्कूल के नियमों के अनुसार कार्य करने एवं पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को भारतीय मूल्यों एवं आदशोंर् का पालन करने की प्रेरणा दी एवं अभिभावाकों को प्रेरित किया कि कैसे वे अपने कर्तव्यों के द्वारा बच्चों का अच्छी तरह से पालन-पोषण कर सकते हैं। समारोह के अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



जींद। कार्यक्रम का शुभारंभ करते इंडस निदेशक सुभाष श्योराण। फोटो :हरिभूमि



जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

---



जींद। शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नही : डॉ. मिड्ढा

- जेसीआई जींद क्लासिक ने रक्तदान शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जेसीआई जींद क्लासिक द्वारा सेवा सदन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रिकॉर्ड 209 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर समाजसेवीसरदार सुरेंद्र सिंह टक्कर उपस्थित रहे वहीं विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने रक्तदाताओं की हौंसलाअफजाही की और रक्तदान शिविर में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने रक्तदान के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यह न केवल हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि अन्य लोगों की जीवन रक्षा में भी सहायक होता है। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नही है और हर व्यक्ति खासकर युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। रक्तदान करने से शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार व गौरव अनुभव होता है। अध्यक्ष धरमपाल माटा, राजू लखीना, सुनील वशिष्ठ, प्रवीण परुथी, यश, कंवल चुघ ने कहा कि मानव रक्त का वैज्ञानिक भी कोई विकल्प नहीं निकाल पाए हैं। आवश्यकता होने पर खून की पूर्ति केवल मानव रक्त से ही हो सकती है। अगर हर इंसान रक्तदान करने का प्रण ले ले तो वह दिन दूर नहीं जब देश में खून की पूर्ति हो जाएगी। रक्तदान करने से किसी का बहुमूल्य जीवन बचाया जा सकता है। इस मौके पर मनोज अरोड़ा, सुनील अरोड़ा, एकता अरोड़ा, गगन, अमित चावला, सन्नी जुनेजा, सुनील वर्मा, लकी ढींगरा, सुनील माटा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---

# रेलवे स्टेशन पर वाटर कूलर लगाया

- आर्य वमावि में बच्चों की सुविधा के लिए एक और बस का विद्यालय में आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को ट्रांसपोर्ट की अच्छी सुविधा देने के लिए आर्य समाज के प्रधान चंद्रकांत आर्य के अथक प्रयास से एक और बस का विद्यालय में आगमन हुआ । कहा कि बच्चों को किसी भी प्रकार की गांव से आने तथा जाने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े ।आगे भी हम आवश्यकता के अनुसार ट्रांसपोर्ट का प्रबंध करते रहेंगे । बताया कि यह स्कूल नरवाना शहर का सबसे पुराना स्कूल है जो 1953 से चला हुआ है।लेकिन 2023 से पहले यहां पर कोई भी स्कूल बस नहीं थी। और 2023 से अब तक दो बसें और दो मैजिक का प्रबंध कर दिया गया है।हम बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं । इसके साथ आर्य समाज नरवाना प्रधान चंद्रकांत आर्य ने रेलवे स्टेशन पर नए वाटर कूलर का प्रबंध किया है ताकि गर्मी में स्टेशन पर किसी भी प्रकार की पीने के पानी से संबंधित समस्या न रहे और सभी यात्रियों को पानी का विशेष प्रबंध मिल सके। इस अवसर पर आर्य समाज के मेंबर सतीश आर्य सुरेंद्र आर्य, राजवीर आर्य, धर्मपाल आर्य, ललित आर्य, किताब सिंह आर्य, मास्टर बलबीर आर्य, प्राचार्य मनोज कुमार और विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। नई बस की खुशी में बच्चों को प्रसाद भी वितरित किया गया।



जींद। स्कूल में नई बस का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### भजन पार्टी ने मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**जींद।** सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन पार्टी ने स्वीप अभियान के तहत गांवों में जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। विभाग की भजन पार्टी के लीडर बलजीत व राजेंद्र ने भजनों व लोकगीतों के माध्यम से मतदाताओं का आह्वान किया कि वे अपने मत का प्रयोग जरूर करें ताकि मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक हो। उपनिदेशक एवं जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी अमित पंवार ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशानुसार स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप अभियान के जिला नोडल अधिकारी एवं एडीसी डॉण् हरीश वशिष्ठ के मार्गदर्शन में शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग की भजन पार्टी द्वारा गांव जलालपुरा खुर्द में मतदाता जागरूक अभियान चलाकर नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

# क्विज प्रतियोगिता में अनु की टीम प्रथम

- जिलास्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में केएम महाविद्यालय की टीम ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार जिला स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता का आयोजन रा. कालेज अलेवा में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना की विभिन्न टीमों ने लीगल लिटरेसी संयोजक प्रो. राजीव के निर्देशन में भाग लिया। कार्यक्रम में कालेज की पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन में बीएससी तृतीय वर्ष के गौतम सचदेवा ने प्रथम स्थान, राहुल, शोभा व अनु की टीम ने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, मनदीप व उसकी टीम ने स्किट में प्रथम स्थान तथा बीए अंतिम वर्ष की छात्रा अंजलि ने डॉक्यूमेंट्री फिल्म में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने महाविद्यालय पहुंचने पर लीगल लिटरेसी कार्यक्रम के विजेताओं व उनके इंचार्ज का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि आज के दौर में विद्यार्थियों को कानूनी साक्षरता का ज्ञान होना बहुत आवश्यक है। मौलिक कर्तव्य, बाल विवाह, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, यौन शोषण आदि ऐसे विषय हैं जो जीवन के हर पल में काम आने वाले हैं। उन्होंने इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का नाम रोशन करने व ऐसी प्रतियोगिता में बढ-चढ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



जींद। सर्टिफिकेट देकर विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

---



जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### आधारशिला विद्यालय के विद्यार्थियो ने जीते पदक

**जींद।** नरवाना में आयोजित जिला स्तरीय वुशु चैंपियनशिप प्रतियोगिता में आधारशिला के विद्यार्थियों ने अपनी जीत का परचम लहराते हुए अनेकों पदक जीते हैं। इसमें विभिन्न भार वगोंर् में खिलाड़ियों ने पदक हासिल किए। विजेता खिलाड़ी अंकुश, निश्चय, हिमेश, आदित्य, प्रिंस, जयंत, दिपाशुं, अंकुर व लावण्या आदि रहे। इसमे पांच स्वर्ण, दो रजत व तीन कांस्य पदक जीते। इनमें से पांच खिलाड़ियों का चयन रा'य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। निदेशिका अंजू सिहाग ने प्रार्थना सभा में सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विजेताओं को किया सम्मानित

- मोतीलाल नेहरू स्कूल के छात्रों ने वुशू खेल में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के छात्रों ने रा'यस्तरीय पर वुशू खेल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 28 अप्रैल को आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल नरवाना में आयोजित की गई । इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। जिनमें मोतीलाल लाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस प्रतियोगिता में 12वीं कक्षा का छात्र दीपांशु ने स्वर्ण पदक, 12वीं कक्षा का छात्र रणदीप ने रजत पदक और 12वीं कक्षा की छात्रा सिमरन ने कांस्य पदक हासिल किया। छात्रों ने जीत का श्रेय कनिश वुशू कोच और अपने अभिभावकों को दिया। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर और मेडल पहना कर सम्मानित किया और कहा कि वुशू ऐसा खेल है जो टीम के सदस्यों के बीच एक-दूसरे के साथ टीमवर्क और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है और खेल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मानसिक और शारीरिक तौर पर तैयार करना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाता है। खेल छात्रों को सामाजिक और मानसिक रूप से विकसित करता है। विद्यालय प्रशासक वीपी शर्मा और हेड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार ने छात्रों को बधाई दी।



जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



ओपन जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में प्रतिभागी बच्चो को सम्मानित करते हुए।

### बैडमिंटन चैंपियनशिप में आदर्श स्कूल का दबदबा

**नरवाना।** गत 27 और 28 अप्रैल को नरवाना क्लब के द्वारा ओपन जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन करवाया गया।जिसके अंतर्गत नरवाना ब्लॉक के 110 खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। जिसमें से आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर.13 आयु वर्ग में वैष्णवी सुपुत्री श्रीकांत तथा दीपक सुपुत्र कैलाश ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त चार खिलाड़ियों का सराहनीय प्रदर्शन रहा। नरवाना सचिवालय के नवनियुक्त न्यायाधीश नवीन कुमार के कर कमलों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विद्यालय में जाकर बच्चों को प्रधानाचार्य अनिल कुमार के द्वारा भी सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष कृष्ण चुघ, प्रबंधक दिनेश गोयल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र ग्रोवर एवं जोगिंदर, मदन पीटीआई, अश्विनी, रोहित, तमन्ना आदि आचार्य उपस्थित रहे।

---

गजलों भरी महफिल खोया-खोया चांद कार्यक्रम का आयोजन

# हम तेरे शहर में आए हैं मुसाफिर की तरह...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अर्बन एस्टेट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में समाजसेवी संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा गजलों भरी महफिल खोया-खोया चांद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर नागरिक अस्पताल के सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल व मधु गोयल ने शिरकत की जबकि डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, सीमा भोला एवं महावीर कंप्यूटर सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्थानीय तथा बाहर से आए कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज से शाम को संगीतमय बना दिया। खोया-खोया चांद कार्यक्रम में सबसे पहले वीना भारद्वाज द्वारा तु इस कदर मेरी जिंदगी में शामिल है, मनोज जाखड़ ने इस तरह मुहब्बत की शुरूआत कीजिये, मनोज भारद्वाज ने चिट्ठी आई है वतन से चिट्ठी आई है, श्रुति आमी ने आओ सजा लें आज को, कल का पता नही, मयंक ने काश कोई ऐसा मंजर होता, कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



जींद। खोया-खोया चांद कार्यक्रम में गजल की प्रस्तुति देते हुए कलाकार।

### सकून के दो पल निकाल पाना बहुत मुश्किल

सीएमओ डा. गोपाल गोयल, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि संघर्षशील जीवन में व्यस्तताओं के चलते अपने लिए सकून के दो पल निकाल पाना बहुत मुश्किल होता है। ऐसे में सृष्टि संस्था द्वारा खोया-खोया चांद संगीत महफिल का आयोजन कर सभी को तनाव रहित रहने में मदद की है। संगीत सुनना कई मायनों में हमारे स्वास्थ्य को फायदा पहुंचाता है। संगीत सुनने से चिंता, रक्तचाप और दर्द कम हो सकता है और साथ ही नींद की गुणवत्ता, मनोदशा, मानसिक, सतर्कता और याददाश्त में सुधार हो सकता है। सृष्टि फाउंडेशन के संयोजक डा. विवेक सिंगला, प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि सृष्टि द्वारा समय-समय पर सामाजिक व संगीतमयी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से पारिवारिक रहा और कलाकारों ने अपनी आवाज से सबका मन मोह लिया। इस मौके पर प्रधान सुनील गर्ग, सुनील गोयल, प्रमोद बंसल, आशीष भारद्वाज, डा. प्रियदर्शी, अनिल सिंघल, कुलदीप जिंदल, अनिल मंगला, सुरेंद्र गर्ग, राजेश गर्ग, नितिन सिंगला, केपी सिंह, पियूष बंसल, संजय सिंगला, मंजू गर्ग, डा. मंजू सिंगला, डा. सीमा सिंह, डा. परमिंदर, अंजू सिंगला, प्रमिला गर्ग, सुनीता मलिक, रेखा जिंदल, ऊषा सिंह, मनीष बंसल, नीलू सिंगल, मीनू शर्मा, पिंकी, मंजू सिंगला सहित पूरी सृष्टि की टीम उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों व कलाकारों को सृष्टि परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया



सैनी सभा धर्मार्थ समिति की बैठक के दौरान। फोटो :हरिभूमि

# सैनी धर्मशाला में सैनी सभा धर्मार्थ समिति की बैठक

**नरवाना।** कस्बे की एलआईसी रोड स्थित सैनी धर्मशाला में सैनी सभा धर्मार्थ समिति की एक बैठक राज सैनी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक का मुख्य उद्धेश्य नई कार्यकारिणी का गठन करना था। इस बैठक में रिटर्निंग ऑफिसर के तौर पर मार्केटिंग कमेटी के पूर्व कार्यकारी अभियंता देवेंद्र जांगड़ा ने शिरकत की। इस मौके पर पूर्व प्रधान धर्मवीर सैनी ने पुरानी कार्यकारिणी का लेखा-जोखा पढ़कर सभी को सुनाया। जिसके बाद आरओ देवेंद्र जांगड़ा की देखरेख में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें समिति के प्रधान पद के लिए कर्मवीर सैनी पूर्व पार्षद, उपप्रधान महावीर सैनी, सचिव रामकुमार सरपंच ढाबी, कोषाध्यक्ष जय भगवान सैनी, संयुक्त सचिव रामनिवास सैनी, ऑडिटर सत्यप्रकाश सैनी, सलाहकार धर्मवीर सैनी, मीडिया प्रभारी अनिल सैनी को चुना गया। इसके साथ ही राज सैनी, सतबीर सरपंच उझाना, ओम प्रकाश सैनी सरपंच रेवर, कृष्ण सैनी सरपंच हरनामपुरा, राजेश सैनी, बलदेव सैनी, महेंद्र सैनी, नराता सैनी, रमेश सैनी, जगशीर सैनी, बलवान सैनी व प्रीतम सैनी को सदस्य के तौर पर चुना गया है।

## कुरुक्षेत्र में ओपन हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन

# 27 वर्षीय सुमित कुमार ने ताइक्वांडो में जीता गोल्ड

### खेलों नए कीर्तिमान स्थापित करने वाले सुमित की सफलता पर हर किसी को गर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत


कलायत। एसोसिएशन महासचिव सरदार जसबीर गिल के साथ कुराड़ गांव के सुमित कुमार। फोटो :हरिभूमि

कलायत के गांव कुराड़ के 27 सुमित कुमार ने ताइक्वांडों में जीता गोल्ड ओपन हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड झटका है। कुरुक्षेत्र में 27 व 28 अप्रैल को हरियाणा स्टेट तायक्वोंडो एसोसिएशन तत्वाधान में आयोजित खेल दंगल में मजदूर परिवार से संबंध रखने वाले इस होनहार ने यह कामयाबी हासिल की।

उन्होंने बताया कि एसोसिएशन महासचिव सरदार जसबीर गिल की देखरेख में आयोजित चैंपियनशिप के 80 किलोग्राम भार वर्ग में उन्हें यह मुकाम मिला। यह सीनियर वर्ग में जिला कैथल का पहला गोल्ड है। हरियाणा स्टेट तायक्वोंडो एसोसिएशन को इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त है। मजदूरी के साथ-साथ खेलों में नए कीर्तिमान स्थापित करने वाले सुमित की सफलता पर हर किसी को गर्व है। खेल मैदान में उनका फाइनल मैच हिसार से हुआ। इससे पहले कुरुक्षेत्र व फरीदाबाद को हराया। सुमित कुमार अपने पिता राममेहर सिंह के साथ के पानीपुरी का ठेला लगाते हैं।

## खबर संक्षेप

### सरकार बनाने में लोगों का महत्वपूर्ण योगदान

कैथल। एडीसी एवं स्वीप अभियान की नोडल अधिकारी सी. जया श्रद्धा ने कहा कि सरकार बनाने में आम नागरिक का महत्वपूर्ण योगदान है क्योंकि हमारे द्वारा किये मतदान के द्वारा ही सरकार बनती इसलिए हमें हमारे वोट का उचित प्रयोग करना है। वोट की ताकत सबसे बड़ी ताकत है, हमें इसे पहचानना चाहिए और आगामी 25 मई को बिना किसी डर, भय एवं प्रलोभन के मतदान करना चाहिए। एडीसी एवं स्वीप अभियान की नोडल अधिकारी सी. जया श्रद्धा सोमवार को आईजी कॉलेज के हॉल में स्वीप (सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्ट्रॉल पार्टिसिपेशन) अभियान के तहत आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सभी नव मतदाता के साथ साथ महिलाएं भी हैं।

### प्रदेश सरकार अपने विकास पर वोट क्यू नहीं मांगती : चौटाला

पूंडरी। कुरुक्षेत्र लोकसभा से इनैलो प्रत्याशी चौ. अभय सिंह चौटाला ने कहा कि मोदी की गारंटी पर भाजपा वोट मांग रही है। साढ़े 9 साल तक प्रदेश में जो सरकार रही तो उसमें बैठे क्या झखमारी कर रहे थे, तो वो अपने विकास की गारंटी पर वोट क्यू नहीं मांगते। अभय चौटाला गांव संगरौली में वरिष्ठ नेता डा. संदीप शर्मा संगरौली द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर इनैलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा भी मौजूद रहे।

### उपायुक्त ने मतगणना केद्रों का किया निरीक्षण

कैथल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने सोमवार को जिला कैथल की चारों विधानसभा क्षेत्रों के बनाये गये स्ट्रॉन्ग रूम एवं मतगणना केद्रों का दौरा किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को मतगणना केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला की चारों विधानसभाएं लोकसभा कुरुक्षेत्र के अंतर्गत आती हैं। गुहला तथा पूंडरी विधानसभा क्षेत्रों के लिए आई जी कॉलेज, कैथल विधानसभा के लिए आरकेएसडी कॉलेज तथा कलायत के लिए आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में काउंटिंग सैंटर और स्ट्रोंग रूम बनाया गया है।


बास्केट बाल में सिल्वर मैडल विजेता आरकेएसडी कॉलेज की महिला टीम।

### आरकेएसडी कॉलेज की महिला टीम ने बास्केट बाल में जीता सिल्वर मेडल

कैथल। आरकेएसडी कॉलेज की महिला टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज बास्केटबॉल और नेटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया।जिसमें आरकेएसडी कॉलेज ने दोनों प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की। सिल्वर मेडल जीतकर कॉलेज का मान बढ़ाया। टीम को जीत दिलाने में नीरू, अंजलि, पूजा व सोनू ने मुख्य भूमिका निभायी. कॉलेज पहुंचने पर टीम का प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, स्टाफ सचिव डॉ. एसपी वर्मा और डॉ. गगन मित्तल ने गर्मजोशी से स्वागत किया। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. गुरदीप भोला और प्रोफेसर उर्मिल बतान ने टीम को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस जीत पर राष्ट्रीय विद्या समिति के अध्यक्ष श्री अश्वनी शोरेवाला और अन्य पदाधिकारियों ने इन छात्रों और शारीरिक शिक्षा विभाग को बधाई दी।


कैथ्हल। देहरादून का भ्रमण करते आरकेएसडी कालेज के विद्यार्थी।

## आरकेएसडी के विद्यार्थियों ने किया देहरादून का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अर्थशास्त्र विभाग के अर्थशास्त्र एसोसिएशन ने अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख डॉ. सूरज वालिया के मार्गदर्शन में देहरादून में एक शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया। यूजी अर्थशास्त्र के कुल 50 छात्रों ने देहरादून में वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई), एलेक्सिया पैनल्स प्राइवेट लिमिटेड, लुटेरों की गुफा, बुद्ध मठ और पांवटा साहिब गुरुद्वारा देखा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, अनुभवात्मक शिक्षण के लिए इस फील्ड विजिट के आयोजन के लिए इकोनॉमिक्स इन एसोसिएशन के प्रयासों को बधाई देते हैं।इस यात्रा में, छात्र एल्यूमीनियम मिश्रित पैनल (एसीपी) के निर्माण, इसकी रंगाई प्रक्रिया, पैकिंग आदि को समझने के लिए एलेक्सिया पैनल्स का दौरा करते हैं। एफआरआई में, एक डीम्ड विश्वविद्यालय के छात्र संग्रहालय का दौरा करते हैं और जंगल पर अपने शोध कार्य को समझते हैं। रोमांच के लिए छात्र रॉबर्स केव भी जाते हैं और प्रकृति का आनंद लेते हैं। यात्रा के दौरान, छात्रों को संकाय सदस्यों डॉ. रितु वालिया और श्री यशपाल सिंह द्वारा मार्गदर्शन किया गया।

### विजय संकल्प रैली का दिया निमंत्रण



पूंडरी। पूंडरी, पूर्व विधायक व भाजपा के लोकसभा चुनाव के संयोजक चौ. तेजवीर सिंह नें कई गावों का दौरा कर 1 मई को 3 बजे पुण्डरी की अनाज मंडी में होने वाली विजय संकल्प रैली का ग्रामीणों को न्योता दिया। उन्होंने नें बताया की प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सैनी व लोकसभा प्रत्याशी नवीन जिंदल विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से 'यादा से 'यादा संख्या रैली में पहुंचने के लिए अपील की। चौ. तेजवीर सिंह आज अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षियों की नीदें उड़ गई हैं। देश की जनता का भारतीय जनता पार्टी पर दृढ़ विश्वास है कि केवल भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है।


राजौंद। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजकीय महाविद्यालय की छात्राएं।

### जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय राजौंद ने प्राप्त किया तीसरा स्थान

राजौंद। डा भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में सोमवार को लीगल लिटरेसी कमेटी के तत्वाधान में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी महाविद्यालयों ने शिरकत की। राजकीय महाविद्यालय राजौंद की ओर से लीगल लिटरेसी सेल के इंचार्ज विक्रम इतिहास की अगुवाई में विद्यार्थियों ने स्लोगन लेखन पोस्टर मेकिंग भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लिया।इस दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजौंद महाविद्यालय की नैंसी ज्योति और कीर्ति की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य राम मेहर सिंह ने लिगल लिटरेसी सेल के इंचार्ज विक्रम सिंह और विजेता टीम को महाविद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थी के अंदर छुपी हुई प्रतिभा का निखार होता है। उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। सभी इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

## कानून सबके लिए बराबर: बलबीर सिंह

- दि इंडियन हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका


गुहला-चीका। एसएचओ बलबीर सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते।

बलबेहड़ा रोड़ चीका स्थित दि इंडियन हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें शहर चीका के एसएचओ बलबीर सिंह द्वारा बतौर मुख्यातिथि शिरकत की गई। स्कूल द्वारा आयोजित इस सेमिनार में मुख्यातिथि बलबीर सिंह द्वारा विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को ट्रैफिक नियम, रोड़ सेफ्टी, साइबर क्राइम और महिला सुरक्षा को लेकर बारीकि से समझाया गया। इस अवसर पर बच्चों से संवाद भी हुआ और पुलिस कार्यप्रणाली के बारे में भी रू-ब-रू करवाया गया। एसएचओ बलबीर सिंह ने कहा कि समय के साथ-साथ समाज में लोगों का पुलिस के प्रति नजरिया बदला है और धारणा भी बदली है। कानून सबके लिए बराबर है और सबको कानून का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों को डर की वजह से नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा के नजरिए से पालन करना चाहिए।

ट्रैफिक रूल जीवन जीने का तरीका बताते हैं। उन्होंने कहा कि चालान काटकर राजस्व अर्जित करना ही पुलिस का काम नहीं है। समाज के हर व्यक्ति को ट्रैफिक नियमों की पालना करनी चाहिए।

## अनाज मंडी में भोजन और विश्राम का समय निर्धारित

- ओवरलोडिंग पर लिया कड़ा संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत


कलायत। अनाज मंडी में व्यवस्था से जुड़े कदमों की जानकारी देते मार्केट कमेटी सचिव अरविंद श्योकंद व सुपरवाइजर मोमन शर्मा। फोटो :हरिभूमि

कलायत अनाज मंडी में अब सरकारी कर्मियों की तरह मजदूरों का भी भोजन व विश्राम का समय निर्धारित रहेगा। इसके लिए दोपहर 1 से 2. 30 तक का समय तय किया गया है। इस दौरान मंडी में मजूदरों से किसी तरह का कार्य नहीं लिया जाएगा। इसके साथ ही मजूदरों द्वारा लगाए जा रहे शोषण के आरोपों के मद्देनजर ओवर लोडिंग पर कड़ा संज्ञान लिया जाएगा। जबकि फोकट में मजूदरों से बारदाना उतरवाने जैसे कार्य नहीं लिए जा सकेंगे। यह जानकारी मार्केट कमेटी सचिव अरविंद श्योकंद ने दी। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल को मजूदरों ने मंडी में विभिन्न समस्याओं के साथ-साथ कार्य के नाम पर शोषण के आरोप लगाए थे। इस विषय को एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने गंभीरता से लेते हुए मजदूरों से सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत की थी। इसमें मजूदरों द्वारा रखे गए मुद्दों के अनुसार सचिव व सुपरवाइजर को नियमों की पालना करवाते हुए मजूदरों के अधिकारियों की पैरवी के निर्देश दिए थे। अधिकारी के निदेशोंर् की पालना करते हुए व्यापारियों व मजूदरों से तालमेल बनाते हुए दोपहर का विश्राम समय निर्धारित किया गया। इसकी मुनादी मंडी में करवाई गई है। मजदूर यूनियन प्रधान कुलदीप दहिया, राजेंद्र कुमार और रामनिवास बढ़वर ने कहा कि अनाज मंडी में कार्य करने वाले मजदूरों के लिए सरकार द्वारा नियम बनाए गए हैं। इससे जहां किसान, मजदूर, व्यापारी व अधिकारियों के बीच बेहतर ढंग से तालमेल कायम होता है वहीं किसी प्रकार की अव्यवस्था सिर नहीं उठा पाती। इसलिए मजदूरों ने एकजुट होकर रेट लिस्ट, विश्राम और दूसरे मुद्दों को लेकर आवाज उठाई थी। आढ़ती एसोसिएशन और मजदूर यूनियन अपने-अपने स्तर पर एकजुटता का परिचय देते इस बार कई मसलों का हल करवाने में सफल रही है।


कैथल। डा. तेजिंद्र को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### डॉ. तेजिंद्र, दिलबाग अकेला व डॉ. विकास सम्मानित

कैथल। साहित्य सभा से जुड़े साहित्यकारों डॉ. तेजिंद्र, दिलबाग अकेला और डॉ. विकास आनन्द को टोहाना ज़िला फतेहाबाद की साहित्यिक संस्था हरियाणा प्रादेशिक साहित्य सम्मेलन द्वारा सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए डॉ. तेजिंद्र ने बताया कि टोहाना के सम्राट् विंग्स होटल में आयोजित पुस्तक-लोकार्पण एवं लघुकविता- सम्मेलन में इन तीनों साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। डॉ. तेजिंद्र और दिलबाग अकेला को उत्कृष्ट लघुकविताकार सम्मान - 2024 से तथा डा० विकास आनन्द को मुख्य अतिथि विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। इन साहित्यकारों को भव्य आयोजन के दौरान शॉल ओढ़ाकर तथा प्रशस्ति-पत्र एवं विशेष सम्मान स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान इन्हें वरिष्ठ साहित्यकारों , अतिथि-गण तथा संस्था के पदाधिकारियों के कर-कमलों से प्राप्त हुआ जिनमें प्रोफेसर रुप देवगुण, प्राचार्य ज्ञान प्रकाश पीयूष, हरीश सेठी झिलमिल व डॉ. निरंजन बोहा आदि शामिल थे।डॉ. तेजिंद्र ने बताया कि यह साहित्यिक आयोजन दो सत्रों में आयोजित किया गया। दोनों सत्रों की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर रूप देवगुण ने की। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. विकास आनन्द कैथल रहे। इस सत्र में पंजाबी भाषा के कवि सरदार बलवंत सिंह मान के पंजाबी काव्य-संग्रह /" चिट्टा खून /" का लोकार्पण किया गया तथा इसी पुस्तक पर आमंत्रित समीक्षकों द्वारा अपने-अपने परचे पढ़े गये। दूसरा सत्र लघुकविता-सम्मेलन का था जिसमें डॉ. तेजिंद्र कैथल मुख्य अतिथि एवं दिलबाग अकेला विशिष्ट अतिथि की भूमिका में रहे।

### सेवानिवृत्त डीडीपीओ राजकुमार चांदना को बनाया प्रशासक

कैथल। श्री कृष्ण गो संरक्षण धाम गोशाला में विवाद मामले में अब नया मोड़ आया है। गोशाला समिति के निष्काषित किए गए पूर्व पदाधिकारी प्रदीप सिंगला की ओर से जिला रजिस्ट्रार कार्यालय में दी शिकायत के बाद अब जिला रजिस्ट्रार ने संज्ञान लेते प्रशासन लगा दिया है। रजिस्टार कार्यालय की तरफ से सेवानिवृत्त डीडीपीओ राजकुमार चांदना को प्रशासक लगाया है। यही नहीं, प्रशासक चांदना ने अपना कार्यभार संभाल भी लिया है। इस मामले में पूर्व पदाधिकारी प्रदीप सिंगला ने एक निजी होटल में पत्रकारों को यह जानकारी दी है। प्रदीप सिंगला ने आरोप लगाते हुए कहा कि गोशाला की कार्यकारिणी ने गोमाता के नाम पर लाखों रुपये के गबन किया है। सिंगला ने बताया कि यह मामला पिछले साल सितंबर का है। इसके बाद उसने छह अक्तूबर 2023 को एक याचिका पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका डाली थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने जिला रजिस्टार कार्यालय को इसकी जांच के आदेश दिए थे। जांच के तहत रजिस्टार कार्यालय ने अब प्रशासक की नियुक्ति की है।


राजौंद। गली में भरा गंदा पानी। फोटो :हरिभूमि

### निकासी न होने से लोग परेशान

राजौंद। राजौंद के वार्ड नंबर 10 में गली में पानी भरा रहने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पढ़ रही है। गली का निर्माण कार्य पिछले काफी समय से शुरू किया गया था लेकिन सीवरेज के पाइप डालने की वजह से अभी तक भी गली का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया। जिससे लोगों को यहां बहुत परेशानी आ रही है।इस बारे वार्ड निवासी शमशेर कपिल हरित ओम प्रकाश जोगिंदर नने ने बताया कि पानी खडा रहने से एक तो उस पर मच्छर मंडरा रहे हैं और उन्हें परेशानी हो रही है। दूसरा यहां निकलना और भी मुश्किल हो जाता है।उनकी गली का निर्माण कार्य काफी समय पहले शुरू किया गया था अभी तक गली बनाने का कार्य पूरा नहीं किया गया। सीवरेज के पाइप डलने की वजह से गली का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गली के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए और पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाएं ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े।

## लाइन की स्थिति अपडेट करें: एसडीएम

- एसडीएम ने दी बीएलओ को वोटर इन क्यू नामक एप के बारे में जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


एसडीएम सुशील कुमार अधिकारियों की बैठक लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुशील कुमार ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हरियाणा निर्वाचन आयोग की ओर से वोटर इन क्यू नामक एप लॉन्च किया गया है। इसके लिए सभी बूथ पर बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है जो बूथ पर लगी मतदाताओं की लाइन की स्थिति हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में अपडेट करते रहेंगे। ताकि मतदाताओं को सही एवं सटीक जानकारी मिलती रहे और वे अपनी सुविधानुसार मतदान कर सकें। सभी बीएलओ अपनी ड्यूटी ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक निभाएं।

एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुशील कुमार सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में बीएलओ को वोटर इन क्यू नामक एप के बारे में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस एप के माध्यम से मतदाता घर बैठे मतदान केंद्रों पर लगने वाली भीड़ के बारे में जानकारी ले सकेंगे और भीड़ कम होते ही सुविधानुसार संबंधित मतदान के केंद्र पर जाकर वोट डालने के लिए जा सकते हैं। आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए आयोग की ओर से प्रारंभिक ट्रायल के रूप में अभी कैथल सहित करनाल, गुरूग्राम, रोहतक, बहादुरगढ़, झज्जर, रेवाड़ी, नारनौल, नूंह, पलवल, यमुनानगर, थानेसर, पानीपत और सोनीपत विधानसभा क्षेत्रों में वोटर्स-इन-क्यू एप को शुरू किया है। इस व्यवस्था के चलते मतदाताओं को वोट डालने के लिए अधिक समय तक अपनी बारी का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।


भाविप की मासिक बैठक में भाग लेती निधि मोहन व अन्य महिला सदस्य।

### भाविप की महिला सदस्यों की बैठक

पूंडरी। भारत विकास परिषद शाखा पूंडरी की मासिक महिला बैठक का आयोजन डा. मनीषा मंगल के निवास किया गया। बैठक में मुख्य रूप से महीने भर में होने वाले कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गई। बैठक में सिसला धाम यात्रा योजना, परिवार मिलन, हीमोग्लोबिन परीक्षण, गौशाला कार्यक्रम, सिलाई केंद्र पुनः खोलने का कार्यक्रम, मासिक सुंदरकांड कार्यक्त्रम आदि करने के लिए चर्चा की गई। बैठक में महिला संयोजिका निधि मोहन ने बताया कि भारत विकास परिषद पुरी तरह से एक सामाजिक मंच है, जिसके तहत समाज में फैली कुरीतियों के लिए खिलाफ जागरूक अभियान, सामाजिक कार्य रक्तदान शिविर, मैडिकल शिविर, गरीब कन्याओं की शादी, गौवंश की सेवा, जरूरतमंदों को गर्मी व सर्दी के कपड़े, जूते आदि वितरित कार्य किए जाते हैं। इस मौके पर राधिका गर्ग, डा. मनीषा मंगल, बबीता सिंगला, दमयंती बंसल, मंजू बंसल, ममता गर्ग, वंदना मित्तल, मंजू पटपटिया, अनु जिंदल, ममता वर्मा मौजूद रही।

## कुलपति ने सभी शिक्षकों को नई शिक्षा नीति 2020 के आयाम के बारे में बताया

# जाट महाविद्यालय में दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय ,कैथल के कुलपति डा. रमेश चंद्र भारद्वाज कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए। फोटो :हरिभूमि

जाट कॉलेज कैथल के सभागार भवन में दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन जाट हाई स्कूल सोसाइटी ,कैथल के तत्वाधान में किया गया। प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रमेश चंद्र भारद्वाज, कुलपति, महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय ,कैथल ने शिरकत की। अन्य अतिथि के रूप में जाट हाई स्कूल सोसाइटी के कुशल प्रशासक चंद्रशेखर सहारण, शमशेर सिंह सिरोही, रामपाल, डॉ रोजी गुप्ता ,डॉ सुशील शर्मा, डॉ मोनिका जाखड़, डॉ अनिल ललित ,डॉ बी आर अंबेडकर महाविद्यालय कैथल, डॉ दिनेश कुमार ढिल्लों प्राचार्य जाट इ.ए कॉलेज, डॉ मंजू धालीवाल, पंजाब विवि ,चंडीगढ़ ,इंस्पेक्टर श्री जयपाल सिंह चहल, पंजाब पुलिस आदि ने शिरकत की। सर्वप्रथम कुलपति महोदय ने प्रेरणा स्त्रोत सर छोटू राम की प्रतिमा को फूल माला पहनाई तत्पश्चात सभागार भवन में पहुंचकर दीप प्रज्वलित कर 2 दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जाट कॉलेज प्राचार्य डॉ राजकला सिहाग पूनिया ने मुख्य अतिथि एवं अतिथि गण का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया, इस दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम में कुलपति महोदय ने सभी शिक्षक वर्ग को नई शिक्षा नीति 2020 के आयाम के बारे में विस्तार से बताया एवं अपने संदेश में बोलते कहा कि इस प्रकार के प्रोग्राम का आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए ,इससे शिक्षा एवं ज्ञान को बढ़ावा मिलता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है ,जो की शिक्षा एवं समाज के लिए अति आवश्यक है ,जाट हाई स्कूल सोसाइटी के कुशल प्रशासक श्री चंद्रशेखर सहारा ने मुख्य अतिथि को समृद्धि चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। अवसर पर मंच का संचालन प्रो विकास , प्रो आरती सैनी ,डॉ संदीप धालीवाल ने किया। प्रो रोजी गुप्ता, सरोज चौधरी, इंस्पेक्टर जयपाल चहल तथा डॉ मोनिका जाखड़ नेअपने-अपने क्षेत्र से संबंधित जानकारी दी। प्रोफेसर अनिल ललित ने टूरिज्म मैनेजमेंट विषय पर विस्तार पूर्वक श्रोतागण को जानकारी दी। डॉक्टर कुलदीप सिंह पूनिया , निर्मल सिंधु, कौशल्या कोहाड़, सुरजीत कोहाड़ , डॉ रेणुका, डॉ सुदेश , प्रो राजपाल , प्रोफेसर लाभ सिंह चौहान ,डॉ संदीप धालीवाल, प्रो मोनिका मान , प्रो बलराज सिंह आदि मौजू रहे।

**सूचना**

मैं, राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री रिछपाल निवासी गांव गोबिन्दपुरा तह. व जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरा पुत्र संजीव व पुत्रवधु दिक्षा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### विवाहिता अपने दो बच्चों सहित लापता

**कैथल।** राजौंद की एक कॉलोनी से एक विवाहिता अपने दो बच्चों सहित लापता हो गई। एक युवक ने पुलिस को शिकायत दी कि 24 अप्रैल को सुबह के समय उसकी 32 वर्षीय पत्नी बिना बताए घर से चली गई। वह दो बच्चों को भी अपने साथ ले गई और अभी तक वापस नहीं लौटी है। जांच अधिकारी ईश्वर सिंह ने बताया कि पुलिस ने लापता का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नियमों के विरुद्ध प्रचार सामग्री छापने पर कार्रवाई

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों से आह्वान किया कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है।

### दुकान से 25 हजार रुपये और गेहूं का बैग चोरी

**कैथल।** कलायत में चोर एक सीमेंट स्टोर संचालक के 25 हजार रुपये व एक गेहूं का बैग चोरी कर ले गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव कौलेखां निवासी जसमेर ने कलायत थाना में शिकायत दी कि 28 अप्रैल को अज्ञात आरोपी उसकी कलायत स्थित उसकी दुकान से एक बैग गेहूं व 25 हजार रुपये चोरी कर ले गए। जांच अधिकारी कुलदीप ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पीओ व एपीओ को 30 से 2 मई तक प्रशिक्षण

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतू पीओ (पीठासीन अधिकारी) व एपीओ (वैकल्पिक पीठासीन अधिकारी) को 30 अप्रैल से 2 मई तक आरकेएसडी स्कूल के हॉल में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी पीओ व एपीओ को दो स्तरों में मास्टर ट्रेनर द्वारा चुनाव पक्रिया को ठीक ढंग से निपटाने के विभिन्न सोपानों का बारीकि से प्रशिक्षण दिया जाएगा। 30 को 10 बजे क्रमांक 1 से 340 तक का प्रशिक्षण होगा।

---

### सफीदों नागरिक अस्पताल में फ्रिज खराब होने से शव के खराब होने का मामला

# स्वास्थ्य विभाग की तीन सदस्यीय चिकित्सक टीम ने किया अस्पताल का दौरा

- शव नही हुआ था खराब और न ही थे कीड़े
- अस्पताल के चार में से तीन फ्रिज खराब, जिस फ्रीजर में शव रखा था वो है ठीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिक अस्पताल सफीदों के शवगृह में फ्रीज खराब होने के चलते शव के खराब होने के मामले में सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने कडा संज्ञान लिया है। सोमवार को नागरिक अस्पताल जींद के एमएस डा. अरविंद, डिप्टी सीएमओ डा. संदीप लोहान, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. संतलाल बेनीवाल टीम के साथ सफीदों पहुंचे और मामले की गंभीरता से जांच की। यहां टीम ने शव गृह के फ्रिजों व कागजातों की जांच की। जांच में पाया कि

जिस डी फ्रीजर में शव को रखा गया था वो बिल्कुल ठीक था और शव में किसी तरह के कोई कीड़े नही थे। शव अधिक समय डी फ्रीजर में रहने के चलते और लाइट कट होने पर डी फ्रीजर बंद होन के चलते बदबू आई है। टीम द्वारा मामले की विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार कर सीएमओ को सौंप दी है।



**जींद।** सफीदों का नागरिक अस्पताल। फोटो : हरिभूमि

#### यह है मामला

गांव रत्ताखेड़ा निवासी जसमेर ने संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार को फांसी का फंदा लगा आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल सफीदों के शव गृह में रखवाया था।

शनिवार को पोस्टमार्टम न होने पर जब परिजन रविवार को अस्पताल पहुंचे तो पाया कि शव से बदबू उठ रही थी और शव कई जगह से खराब भी हो गया था। बाकायदा मुंह में से कीड़े निकल रहे थे। जिस पर परिजनों ने रोष जताया था और अस्पताल प्रशासन पर आरोप लगाते हुए स्वयं डीफ्रीज या बर्फ का इंतजाम करने की बात कही थी। यहां चिकित्सकों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए गए थे।

#### टीम ने किया निरीक्षण

नागरिक अस्पताल जींद के एमएस डा. अरविंद व डिप्टी सीएमओ डा. संदीप लोहान, डा. संतलाल बैनीवाल सफीदों पहुंचे और मामले की गंभीरता से जांच की। तीनों ही चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम में खराब हुए फ्रिजों के बारे में जानकारी जुटाई। इसके अलावा खराब हुए फ्रिजों को लेकर सफीदों अस्पताल प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की भी जानकारी ली गई। इसके अलावा बजट से संबंधित जानकारी भी जुटाई गई। टीम द्वारा अपनी रिपोर्ट तैयार कर सीएमओ को सौंपी जाएगी।

जांच में पाया कि अस्पताल का जो डी फ्रीजर है उसमें चार शव रखे जा सकते हैं। इस फ्रीजर के तीन शव रखने के स्थान खराब हो चुके हैं। इसलिए जो फ्रीजर काम कर रहा था, उसी में शव रखा गया था। रविवार सुबह साढ़े दस बजे कागजात मिले तो 12 बजे तक शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने भी अपनी रिपोर्ट में यही कहा कि शव में कीड़े नहीं पड़े थे, वह ठीक था।

#### शव के फटने व कीड़े पड़ने के आरोप निराधार

नागरिक अस्पताल सफीदों के एसएमओ डा. जेपी चहल ने बताया कि जींद से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंच कर जानकारी जुटाई है। उन्होंने के फटने व कीड़े पड़ने के आरोपों को निराधार बताया है। मृतक जसमेर का शव कहीं से फटा नही था केवल मृतक के गले व हाथ में फफोले पड़े हुए थे और वे फफोले फूट गए थे। अस्पताल के शव गृह में चार फ्रीज लगे हुए हैं और उनमे से तीन खराब हुए है। मृतक जसमेर के शव को चालू हालत वाले फ्रीज में रखा गया था। शव बिल्कुल ठीक था और डाक्टर ने उसका पोस्टमार्टम कर सौंप भी दिया है। फ्रीज की खराबी को लेकर कंपनी में शिकायत की गई है और इन फ्रिजों को जल्द ही ठीक करवा दिया जाएगा।

#### विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सीएमओ को सौंपी जाएगी : डॉ. लोहान

डिप्टी सीएमओ डा. संदीप लोहान ने बताया कि शव के खराब होने का मामला सामने आने के बाद उच्चाधिकारियों के आदेशों पर वे टीम के साथ नागरिक अस्पताल सफीदों में जांच के लिए पहुंचे थे। उन्होंने इस मामले से जुड़े हर पहलू को बारिकी से चेक किया। बिजली के कट लगने के कारण शव में बदबू आई है लेकिन शव में कीड़े नही थे। पुलिस ने भी लिखित में दिया है कि शव ठीक था। कमेटी की जांच रिपोर्ट डीसी, स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक व सीएमओ सौंप दी है।

---

## पद्मश्री अवार्डी महावीर गुड्डू को डीसी ने किया सम्मानित

- डीसी मोहम्मइद इमरान रजा ने कहा कि हरियाणा की संस्कृति को बढावा देने वाले बहुत ही कम लोग है, जो इस मुकाम तक पंहुच पाते है
- पद्मश्री अवार्डी महावीर गुड्डू ने कहा कि उनकी 53 साल की कला के क्षेत्र में यात्रा का परिणाम है



**जींद।** पद्मश्री अवार्डी महावीर गुड्डू को सम्मानित करते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश व विदेश में हरियाणवीं संस्कृति की अमिट छाप छोड़ने वाले सफीदों निवासी लोक कलाकार महावीर गुड्डू को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्मश्री पुरस्कार प्रदान करने पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में महावीर गुडडू को बधाई दी व सम्मानित किया। डीसी मोहम्मइद इमरान रजा ने कहा कि हरियाणा की संस्कृति को बढावा देने वाले बहुत ही कम लोग है, जो इस मुकाम तक पंहुच पाते है। यह हमारे जिला व प्रदेश के लिए बडे गौरव की बात है कि हरियाणवी संस्कृति को विश्व पटल पर चमकाने वाले सफीदों कस्बे के महावीर गुड्डू को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा देश का चौथे नंबर का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। पदमश्री अवार्डी महावीर गुड्डू ने बताया कि यह अवॉर्ड उन्हें हरियाणवीं संस्कृति से प्रेम करने वाले लोगों के प्यार की बदौलत मिला है। यह पुरस्कार पाकर वे बेहद खुश हैं और उनकी 53 साल की कला के क्षेत्र में यात्रा का परिणाम है। उन्होंने पुरस्कार को समस्त हरियाणवियों को समर्पित करते हुए कहा कि पुरस्कार के लिए वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व पुरस्कार चयन समिति का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने बताया कि इस पुरस्कार को प्राप्त करते वक्त उन्हें एक विशेष अनुभूति महसूस हुई। जितने भी अवार्ड प्राप्त करने वाले लोग थे वे सभी कहीं न कहीं अपने-अपने क्षेत्र में विशेष स्थान को प्राप्त थे और चयन समिति द्वारा सभी को उनकी योग्यता को ध्यान में रखकर ही सही रूप से अवार्ड के लिए नामित किया था। महावीर गुड्डू कहते हैं कि बेशक उन्हें पद्मश्री अवॉर्ड प्राप्त हो चुका है लेकिन कला के क्षेत्र की यात्रा निरंतर जारी रखेंगे।

---




**जींद।** रेड-डे कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## डीएन मॉडल स्कूल में रेड-डे धूमधाम से मनाया गया

- प्राचार्या ने बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीएन मॉडल स्कूल में रेड-डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के सभी बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों ने लाल पौषाक धारण करके कैट वॉक से सबका मन मोह लिया। लंच में बच्चों को लाल रंग के फल जैसे सेब, अनार, तरबूज आदि दिए। साथ में गुरु तेग बहादुर की जयंती के उपलक्ष में एक बच्चे ने उनके प्रतीक के रूप में उनके अनमोल शब्दों का बखान किया। अंत में स्कूल की प्राचार्या राज रेढू ने सभी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### प्लेटलेट कम होना डेंगू का प्रमाण नहीं: डॉ. गोयल

**गुहला-चीका।** नागरिक अस्पताल गुहला के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डाक्टर संजीव गोयल ने कहा कि प्लेटलेट कम होना डेंगू का प्रमाण नहीं है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने डेंगू के अलावा अन्य वायरल बुखार में भी प्लेटलेट कम हो जाते हैं नतीजतन कोई भी व्यक्ति प्लेटलेट कम होने पर घबराना नहीं चाहिए और तरल पदार्थ लेते रहना चाहिए। डाक्टर गोयल ने कहा कि फल एवं संतुलित आहार लेना आवश्यक होता है और इसी के साथ डाक्टर से सलाह-मश्विरा भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्यादातर मरीजों को फल्यूड थैरेपी की आवश्यकता होती है, जो कि सरकारी अस्पताल गुहला में मुफ्त उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अगर किसी मरीज को प्लेटलेटस की आवश्यकता होती है तो इसके लिए कोई भी व्यक्ति जिला अस्पताल कैथल में सम्पर्क कर सकता है।

---

## सरपंच एसोसिएशन ने लोकसभा चुनाव में भाजपा और जजपा के बहिष्कार का किया ऐलान

- कहा- मौजूदा सरकार के कार्यकाल में सरपंचों की कोई मांग नहीं मानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन



सीवन में आयोजित बैठक में भाग लेते सरपंच एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

सरपंच एसोसिएशन सीवन ने लोकसभा चुनाव में भाजपा व जजपा के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। सीवन सरपंच एसोसिएशन की एक बैठक खंड कार्यालय सीवन में हुई जिसकी अध्यक्षता उप प्रधान जोनी ग्रोवर खरकां व खजांची गुरप्रीत सिंह रामदासपुर ने की। इस बैठक में सरपंचों ने लोकसभा चुनाव में भाजपा व जजपा दोनों के बहिष्कार का एलान कर दिया है। जोनी ग्रोवर व गुरप्रीत सिंह ने बताया कि सीवन खंड कार्यालय में सरपंच एसोसिएशन की इस बैठक में सरपंच एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में खंड सीवन की सरपंच एसोसिएशन भाजपा या जजपा दोनों में से किसी भी पार्टी के उम्मीदवार को वोट नहीं देगी। इन चुनावों में भाजपा व जजपा दोनों पार्टियों का बहिष्कार का निर्णय सरपंच एसोसिएशन सीवन के द्वारा लिया गया है। उन्होंने बताया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में सरपंचों की कोई मांग नहीं मानी गई और इसके साथ ही पंचकूला में सरपंचों पर लाठीचार्ज करके तानाशाही दर्शाई है। सरकार की इन नीतियों के कारण गांवों में कोई विकास कार्य पंचायत नहीं करवा पा रही है। उन्होंने कहा कि सरपंचों को केवल मोहर दी गई हे कोई अधिकार नहीं दिए गए हें। इसका बदला आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट की चोट से लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरपंच एसोसिएशन की एक बैठक आने वाले एक सप्ताह के अन्दर की जाएगी जिसमें सभी साथियों के साथ विचार विमर्श करके यह निर्णय लिया जाएगा कि इन चुनावों में किस पार्टी का साथ देना है। जो भी पार्टी हमारी मांगों को मानेगी और गांवों के विकास को तरजीह देते हुए सरपंचों को उनके अधिकार देगी उसका साथ दिया जाएगा। प्रधान प्रतिनिधि लखविन्द्र सिंह, गगनदीप सिंह खेड़ी गुलाम अली, सोनू कुमार, संजीव कुमार, हरपिन्द्र सिंह पहाड़पुर व अन्य सरपंच मौजूद थे।

---

## पोस्टर मेकिंग में आरती रही प्रथम



**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गयोंग मे छात्र- छात्राओ के लिए पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 90 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर बहुत मेहनत और लगन से शानदार पोस्टर बनाए । इस प्रतियोगिता मे आरती प्रथम, रजनी द्वितीय और नीलम ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। समापन समारोह पर छात्र - छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए ।प्रधानाचार्य जयपाल सिंह विद्याथीयों को विद्यालय मे आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों मे भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि बेटियाँ हमारे देश की शान है, जो हर क्षेत्र मे हमारे देश का नाम रौशन कर रही है। इस अवसर पर अध्ययनकर्ता यतेंद्र,अनूप धीमान,मोहनलाल, कमलेश रानी,नीलम रानी,रणदीप सिंह, राजकुमार श्रुति गुप्ता सोनिया उपस्थित रहे।

## छह दिवसीय ईडीपी कार्यक्रम संपन्न

- ईडीपी कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षुकों को सौंपे प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** छह दिवसीय सामान्य ईडीपी कार्यक्रम के समापन पर प्रमाण पत्रों के साथ प्रशिक्षु महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा बहबुलपुर गांव में चल रहे छह दिवसीय सामान्य ईडीपी कार्यक्त्रम का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्त्रम 23 से 29 अप्रैल तक चला। कार्यक्रम में 35 महिलाओं ने भाग लिया व कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक (एलडीएम) विनोद कुमार ने शिरकत की। विनोद कुमार ने प्रशिक्षण ले रही प्रशिक्षुओं को बताया कि आज के युग की महिलाएं हर क्षेत्र में काम करते हुए अपना भविष्य सुधार रही है, आपको जो प्रशिक्षण मिला है उसका लाभ उठाते हुए आप किसी भी क्षेत्र में काम करके आत्मनिर्भर बन सकती है। महिलाएं विभिन्न प्रकार के काम व दुकानें कर सकती है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अपना व्यवसाय कर सकती है। जो लोग आर्थिक रूप से अपना काम करने में असमर्थ है।



**नरवाना।** दीप प्रज्वल्लन करके परिवार मिलन एंव शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का शुभांरभ करते हुए।

### भाविप केशव शाखा ने आयोजित किया परिवार मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**नरवाना।** गत सध्या को भारत विकास परिषद केशव शाखा नरवाना द्वारा परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन एक निजी पैलेस में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का मंच संचालन प्रांतीय प्रमुख डॉ भूप सिंह व संतोष जैन द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रूप में पहुंची विद्या रानी व विशिष्ट अतिथि दीपक सेतिया व रमेश गर्ग समाजसेवी का शाखा सचिव कुबेर दत ने सभी सदस्यों को स्वगत किया। इस दौरान मंच का संचालन करते हुए सुरेश मितल द्वारा नई पीएसटी को दायित्व ग्रहण की शपथ दिलाई और संजय चौधरी प्रांतीय प्रमुख ने परिषद में शामिल नए सदस्यों को शपथ दिलवाई। कार्यक्रम के दौरान अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी आयोजन किया गया जिसमें 'यादातर देश भक्ति से प्रेरित था। कार्यक्रम के दौरान संयोजन नत्थूराम गोयल व दीपक सिंगला द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को सम्मानित किया गया।

---



**कैथल।** एचसी सुनील नशा न करने बारे जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## थाना शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर लोगों को नशा न करने बारे किया जागरूक

**कैथल।** एचसी सुनील कुमार द्वारा डोर टू डोर अभियान चलाकर थाना शहर क्षेत्र के शक्ति नगर, चंदाना गेट, डोगरा गेट व प्रताप गेट पर मौजिज व्यक्तियों सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टीम विभिन्न स्थानो हर दिन कार्यक्रम कर रही है। आमजन भी इस मुहिम में पुलिस का साथ दे रहे है तथा पुलिस की इस कल्याणकारी मुहिम की प्रशंसा कर रहे है। डीएसपी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो नशा किसी के लिए भी हितकारी नहीं हो सकता। नशे की लत में पड़ गया व्यक्ति अपने दृढ संकल्प से इस बुराई को छोड़ सकता है। पुलिस नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है।

### युवती को झांसे में ले तीन युवकों ने किया दुष्कर्म

**जींद।** शहर थाना इलाके से युवती का अपहरण कर तीन युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर तीन युवकों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना इलाके की एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बस्ती का सन्नी उसे झांसे में देकर अपने साथ ले गया। जहां पर बवानीखेड़ा निवासी सुमित तथा सोनू पहले से मौजूद थे। तीन ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी और फरार हो गए। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर सन्नी, सोनू, सुमित के खिलाफ सामुहिक दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### दरवाजों के शीशे टूटे, न ही पानी व्यवस्था

# सामुदायिक केंद्र की हालत दयनीय, गंदगी के लगे अंबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शहरवासियों की सुविधा के लिए नरवाना शहर में लगभग करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए सामुदायिक केंद्र नगर परिषद की अनदेखी के चलते बदहाली का शिकार हो गया हैं। सामुदायिक केंद्र का रखरखाव न होने के कारण हालत बहुत ही दयनीय हो चुकी है। शहर के सामुदायिक केंद्र में गंदगी की भरमार है। सामुदायिक केंद्र में लगे एल्युमिनियम के दरवाजा के शीशे तक टूट चुके हैं। शौचालयों में गंदगी की भरमार है न ही पानी की कोई व्यवस्था है। सामुदायिक केंद्र में लगा बिजली का मीटर तक जला हुआ है। सामुदायिक केंद्र से कुछ बिजली का सामान भी गायब हो चुका है। दीवारें सीलन के कारण जर्जर हो रही है। ऐसे में शहरवासियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बदहाली का शिकार हो रहे सामुदायिक केंद्र के सस्ते दामों पर उपलब्ध होने के बावजूद भी शहरवासी इस ओर मुंह नहीं कर रहे हैं। उन्हें मजबूरन मैरिज पैलेसों और धर्मशालाओं की ओर रुख करना पड़ रहा है।



सामुदायिक केंद्र की दीवारों में सीलन व दरवाजे का टुटा पडा कांच।

शहरवासी सतपाल ने बताया कि आर्थिक स्थिति से कमजोर लोगों के लिए नगर परिषद द्वारा शहर में सामुदायिक केंद्र बनाया गया है ताकि वह अपने विवाह शादी के कार्यक्रम आसानी से कर सके। लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण



सामुदायिक केंद्र में बने कमरे, शौचालय, बिजली पानी की व्यस्था सुचारू रूप से सही नही है। इस कारण शहरवासी इसका फायदा नहीं उठा पा रहे है। नगर परिषद अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

#### नगर परिषद में शिकायत दी गई

पार्षद बलजीत सिंह ने बताया कि सामुदायिक केंद्र में व्यवस्था सुधारने को लेकर नगर परिषद में शिकायत दी गई है। इसके बाद नगर परिषद द्वारा आश्वासन दिया गया है कि आचार संहिता हटने के बाद सामुदायिक केंद्र के रखरखाव के लिए टेंडर लगवा दिया जाएगा। सामुदायिक केंद्र को लेकर शहरवासियों को हो रही असुविधा को जल्द दुरुस्त करवा दिया जायेगा।